भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 24.06.2025

## आरेडिका में साइकिल दौड़ का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के खेल–कूद संघ ने दिनांक– 24.06.2025 को साइकिल दौड़ का आयोजन किया। आरेडिका की विशेष खेल–कूद अधिकारी पदमश्री तथा अर्जुन अवार्डी सुधा सिंह एवं आरेडिका खेलकूद संघ संयुक्त सचिव अमरजीत कुमार ने शॉपिंग कॉम्पलेक्स से हरी झण्ड़ी दिखा कर दौड़ की शुरूआत करायी।

इस साइकिल दौड़ में आरेडिका के रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के बच्चों एवं महिलाओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

इस प्रतियोगिता में 5 से 8 वर्ष के बालक वर्ग में उत्कर्ष श्रीवास्तव ने प्रथम, जय यादव ने द्वितीय तथा जय गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अण्डर 9 बालिका वर्ग में आरोही ने प्रथम, ईशानी ने द्वितीय तथा अवनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 9 से 12 वर्ष के बालक वर्ग में आर्यन राय ने प्रथम, ओम गुप्ता ने द्वितीय तथा प्रियांशु मीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अण्डर 15 बालिका वर्ग मेंअनुशिका कुमारी ने प्रथम, रिद्धमा सिंह ने द्वितीय तथा वैष्णवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अण्डर 20 बालक वर्ग में श्रेयांशु पाल ने प्रथम बिपिन कुमार ने द्वितीय तथा विवेक कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अण्डर 20 बालिका वर्ग में दिव्या ने प्रथम, अनीका ने द्वितीय तथा शारदा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महिला वर्ग में नन्दनी ने प्रथम, सोनी गुप्ता ने द्वितीय तथा पूजा पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पुरुष वर्ग में त्रिलोचन अंथवाल ने प्रथम, प्रेम कुमार ने द्वितीय तथा मुकेश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने सभी विजेता खिलाडियों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। आरेडिका प्रशासन ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक  संसाधन प्रदान कर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

24.6.2025

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जन संपर्क अधिकारी